आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 10.05.2025 समय : 18.30 पीएम

- भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम लागू–विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने प्रेसवार्ता में जानकारी दी
- युद्ध विराम से पहले भारत–पाक तनाव के मद्देनजर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सर्वदलीय बैठक की–कहा प्रदेश किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए तैयारं
- उपमुख्यमंत्री तथा महिला और बाल विकास मंत्री दीया कुमारी ने पोषाहार वितरण में मिलने वाली शिकायतों का पारदर्शिता से निपटारा करने के निर्देश दियें
- राज्य में आज जयपुर, भरतपुर, उदयपुर और कोटा संभाग में कहीं–कहीं आंधी–बारिश की संभावना–अगले पांच दिनों तक हीटवेव से भी राहत बनी रहेगीं

0000

भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्यवाही पर रोक लग गईं विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने अब से कुछ ही देर पहले प्रेसवार्ता में ये जानकारी दीं उन्होंने बताया कि दोनों देशों के बीच आज शाम 5 बजे से युद्ध विराम पर सहमति बन गई हैं

..................

पाकिस्तान के डायरेक्टर जनरल मिलट्री ऑपरेशन्स ने पहल करते हुए भारतीय समकक्ष से इस बारे में फोन पर बातचीत कीं इसके बाद तुरन्त प्रभाव से सैन्य कार्यवाही रोकने का निर्णय किया गयां दोनों पक्षों के बीच जमीन, हवा और समुद्र में सभी तरह की गोलाबारी और सैन्य कार्रवाई बंद रहेगीं विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोशल मीडिया पोस्ट में भारत–पाक के बीच सैन्य कार्यवाही रोकने की पुष्टि की हालाकि उन्होंने कहा कि भारत की आतंक के खिलाफ जंग जारी रहेगीं

000

युद्ध विराम से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ बैठक कीं राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी बैठक में मौजूद रहें पाकिस्तान के खिलाफ भारत की जवाबी कार्रवाई के बीच ये बैठक नई दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास पर हुई
भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पाकिस्तान की लगातार बढ़ती और भड़काऊ कार्रवाइयों का आज भी सटीक जवाब दिया गयां भारत ने पाकिस्तान के तकनीकी बुनियादी ढांचे, कमान नियंत्रण केंद्र, रडार साइटों और हथियार भंडारण क्षेत्रों सहित सैन्य ठिकानों पर हमले किएं आज नई दिल्ली में ऑपरेशन सिंदूर पर एक विशेष प्रेस वार्ता में कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने भारत की कार्रवाई के बारे में जानकारी दीं

कर्नल कुरैशी ने बताया कि पाकिस्तानी सैनिकों को अग्रिम क्षेत्रों की ओर बढ़ते देखा गयां

……………………

कर्नल कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तान ने 26 से अधिक हवाई मार्गों से घुसपैठ की कोशिश कीं उन्होंने बताया कि पाकिस्तान सरकार ने झूठा दावा किया कि उसने सिरसा और सूरतगढ वायु केन्द्रों को निशाना बनायां भारतीय सशस्त्र बलों ने अधिकांश खतरों को सफलतापूर्वक निष्क्रिय कियां

युद्ध विराम से पहले प्रदेश में भी भारत–पाक तनाव के मद्देनजर सभी एहतियाती उपाय जारी रहें मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की अध्यक्षता में आज सर्वदलीय बैठक की गईं मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए तैयार हैं श्री शर्मा ने कहा कि आपात स्थिति के लिये परिवहन, दवाइयां, भोजन सहित सभी जरूरी कार्यों के लिए सीमांत जिलों को रिवॉल्विंग फण्ड उपलब्ध करवाया गया हैं मुख्यमंत्री ने सभी दलों से एकजुटता और आपसी सामंजस्य स्थापित करने का आह्वान कियां

श्री शर्मा ने सभी दलों से अपील करते हुए कहा कि वे सरकार द्वारा आयोजित रक्तदान शिविरों, बचाव कार्यक्रमों, ब्लैक आउट तथा अन्य मामलों में सहयोग करें इस दौरान विभिन्न दलों के नेताओं ने कहा कि वे वर्तमान परिस्थिति में पूरी तरह राज्य सरकार के साथ हैं बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में उपमुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा ने कहा कि तनाव की स्थिति का सामना सभी को एकजुटता के साथ करना होगां नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि पूरा देश सेना के साथ हैं उन्होंने सरकार को पूरा सहयोग देने का भरोसा दिलायां

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने आज जयपुर में नागरिक सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक लीं इस दौरान प्रदेश में नागरिक सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा की गईं मुख्य सचिव ने बैठक में आपदा प्रबंधन, बिजली, खाद्य और नागरिक आपूर्ति तथा चिकित्सा सेवाओं पर दिशा–निर्देश दिएं उन्होंने राज्य के रणनीतिक महत्व को देखते हुए किसी भी सम्भावित परिस्थिति के लिए जरूरी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिएं

इस बीच सरहदी ज़िलों में आज भी कड़े सुरक्षा इंतजाम जारी रहें प्रशासन की ओर से आज भी आमजन से अपील की गई है कि वे घरों में रहे साथ ही खाने–पीने की चीजों का अनावश्यक भण्डारण नहीं करें लोगों से सतर्क रहने और अफवाहों से बचने की अपील की गईं सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की भड़काऊ या दहशत फैलाने वाली सामग्री नहीं डालने का भी अनुरोध किया गया हैं

सीमांत जिलों में सामान्य दिनों के मुकाबले आवाजाही काफी कम रहीं इसे देखते हुए रोड़वेज की परिवहन सेवा भी कुछ स्थानों पर आज बंद रहीं भारत–पाक तनाव का असर रेल सेवाओं पर भी पड़ां

बाडमेर–जैसलमेर और जोधपुर से चलने वाली 12 गाड़ियां आज रद्द रहीं भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण ने 15 मई तक देश के उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्रों में 32 हवाई अड्डों से उड़ानें अस्थायी रूप से बंद करने की घोषणा कीं इनमें जैसलमेर हवाई अड्डा भी शामिल हैं

झुन्झुनू के मेहरदास गांव के सार्जेंट सुरेन्द्र कुमार आज वीर गति को प्राप्त हो गयें झुन्झुनू जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने ये जानकारी दीं उन्होंने बताया कि श्री कुमार उधमपुर एयरबेस पर मेडिकल असिस्टेंट के पद पर तैनात थें उनकी पार्थिव देह मेहरदास लाई जा रही हैं

केन्द्र सरकार ने उन दावों को खारिज कर दिया है कि जिनमें पाकिस्तान के साइबर हमले के कारण भारत की 70 प्रतिशत बिजली ग्रिड खराब होने की बात कही गई थीं हमारे संवाददाता ने बताया कि पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि ये दावे फर्जी हैं

......................

उपमुख्यमंत्री तथा महिला और बाल विकास मंत्री दीया कुमारी ने प्रदेश में पोषाहार वितरण में मिलने वाली शिकायतों का पारदर्शिता से निस्तारण करने की बात कही हैं वे आज जयपुर में महिला और बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में बोल रही थीं दीया कुमारी ने अधिकारियों को स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रोज़गार के ज्यादा से ज्यादा अवसर उपलब्ध करवाने के निर्देश दियें उपमुख्यमंत्री ने उड़ान योजना में सेनेटरी नैपकिन वितरण की व्यवस्था उचित तरीके से करने और वर्क फ्रोम होम योजना के लिए चैटबोट विकसित करने के निर्देश दियें

000

प्रदेश में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गयां राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से लगाई गई इस राष्ट्रीय लोक अदालत में राजीनामा योग्य लम्बित प्रकरणों का निस्तारण किया गयां इसके लिए जिला मुख्यालयों पर 476 बैंचों का गठन किया गयां सरहदी जिले बाड़मेर और श्रीगंगागनर में लोक अदालत का आयोजन स्थगित रहां

000

राज्य में आज जयपुर, भरतपुर, उदयपुर और कोटा संभाग में कुछ भागों में आंधी और गरज के साथ बारिश की संभावना हैं जोधपुर और बीकानेर संभाग में भी कहीं–कहीं हल्की बरसात हो सकती हैं मौसम विभाग के अनुसार राज्य के कई हिस्सों में अगले दो–तीन दिन तक हल्की से मध्यम बारिश और तेज रफ्तार हवाओं का दौर जारी रहने के आसार हैं इसके साथ ही अगले पांच दिनों तक हीटवेव से भी राहत बनी रहेगीं इस बीच भरतपुर में आज दोपहर बाद ठण्डी हवाओं का दौर चला और करीब आधा घंटे हुई बरसात से मौसम सुहाना हो गयां वहीं बीते चौबीस घंटों में पूर्वी राजस्थान में कहीं–कहीं बरसात हुई सबसे ज्यादा 43 मिलीमीटर बारिश चित्तौडगढ़ जिले के निम्बाहेडा में दर्ज की गईं

000